# पांच आरोपी धराए, 29 लाख नकद बरामद

## देवास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश

**देवास. थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने जस्ट डायल के माध्यम से करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है.**

पुलिस ने उत्तराखण्ड राज्य के रुड़की से गिरोह के पाँच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 लाख 50 हजार रुपये नकद और दो लग्जरी कारें जब्त की हैं. आरोपी जस्ट डायल वेबसाइट के जरिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रॉपर्टी ब्रोकरों को कम दामों पर जमीन बेचने का झांसा देकर ठगी किया करते थे. गिरोह के सदस्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र,




उत्तरप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के प्रॉपर्टी ब्रोकरों से संपर्क साधते थे. वे खुद को जमीन मालिक बताकर बाजार मूल्य से बहुत कम दाम पर जमीन बेचने की पेशकश करते, फर्जी दस्तावेज और नकली पहचान पत्र दिखाकर एग्रीमेंट के नाम पर टोकन राशि वसूली करते और फिर गायब हो जाते थे.

### देवास निवासी प्रॉपर्टी ब्रोकर से हुई थी बड़ी ठगी

देवास निवासी तेजकरण परमार (उम्र 47 वर्ष) ने पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद को आवेदन देकर बताया कि जस्ट डायल साइट से मिले एक नंबर पर उसकी बात शुभम तिवारी नामक व्यक्ति से हुई. उसने रुड़की में कम दाम पर कृषि भूमि बेचने की बात कही.

### गुलजार जुआ फड़ों पर छापे : 96 जुआरी पकड़ाए, 1 .9 लाख जब्त



जबलपुर। दीपावली पर्व पर शहर से लेकर गांवों में जुआफड़ गुलजार रहे। मन्ना और तीनपत्ती का जुआ खेल लाखों का दांव लगा। पुलिस ने भी जुआ के फड़ों पर छापा मार कार्रवाई की। जुआरियों में अफरातफरी व भगदड़ की स्थिति निर्मित रही। इस दौरान 96 जुआडी गिरफ्तार किए। 1 लाख 97 हजार 705 रूपये एवं 2 कार, 5 दुपहिया वाहन, 6 मोबाईल जप्त किए गए।



# 34 कृष्ण मृगों को अभयारण्य में छोड़ा

**शाजापुर, 22 अक्टूबर. किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हिरणों को पकडने का अभियान सफल हो रहा है.**

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा अब 34 कृष्ण मृगों को पकडकर गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा गया, वहीं अब तक टीम द्वारा कुल दो बार में कुल 79 कृष्ण मृगों को पकड़ा जा चुका है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश और विशेष कर पश्चिम मध्य प्रदेश के राजस्व क्षेत्र में कृष्ण मृग एवं रोजड़ों के खेतों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के निदान के रूप में दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा पद्धति से कृष्णमृगों को पकडने का अभियान शुरू किया गया है.

## तीन दिवसीय मड़ई उत्सव 25 से

**आलीराजपुर.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल एवं जिला प्रशासन आलीराजपुर के सहयोग से पुराना पंचायत भवन मैदान, सोण्डवा (आलीराजपुर) में 25 से 27 अक्टूबर, 2025 तक मड़ई उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के जनजातीय नृत्य सहित अन्य राज्यों की कला प्रस्तुतियां एवं नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों का संयोजन किया जा रहा है। उत्सव में 25 अक्टूबर, 2025 श्री निलेश कुमार पटेल एवं साथी-बुरहानपुर द्वारा कोरकू जनजातीय गदली-थापटी नृत्य एवं सुश्री रुकमणि सुरेश्वर एवं साथी-मण्डला द्वारा गोण्ड करमा-सैला नृत्य, श्री भानसिंह धुर्वे एवं साथी-डिण्डोरी प्रतुति दी जायेगी।

# जमीन विवाद में युवक की निर्मम हत्या

## गढ़वा पुलिस ने आरोपियों को 48 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। गढ़वा थाना क्षेत्र के रेहड़ा गांव में गत दिवस जमीनी विवाद एवं खेत की जोताई को लेकर करीब आधा दर्जन आरोपियों ने एक युवक पर लाठियां एवं धारदार हथियार बरछा से हमला कर मौत की नींद सुलाते हुये भाग खड़े हुये थे।**

घटना की सूचना टीआई विद्यावारिधि तिवारी ने अलग-अलग टीमे गठित कर फरार आरोपियों को सूचना के 48 घंटे के अंदर आरोपियों को दबोचने में सफल रहे। टीआई ने यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं



एसडीओपी के मार्गदर्शन में किया है. गढ़वा पुलिस ने हत्या की गुत्थी का खुलासा करते हुये बताया है कि फरियादी हरीशचन्द्र बसोर पिता गल्होरी बसोर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रेहड़ा द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि 19 अक्टूबर को आरोपी गुलाब बसोर किसी के ट्रैक्टर से अपना खेत जोतवा रहा था तो आहत सुरेश बसोर पिता गल्होरी बसोर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रेहड़ा थाना की मेढ़ को जोतवा दिया, जिससे सुरेश बसोर द्वारा जाकर मना किया गया.

# अधिवक्ता पर आदिवासियों ने किया जानलेवा हमला

## आरोप : राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगनरा में बीते 19 अक्टूबर की रात्रि तकरीबन 10 बजे अधिवक्ता पर आधा दर्जन आदिवासियों ने जानलेवा हमला किया। इस घटना में अधिवक्ता लहूलुहान हो गया था।**

इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। चितरंगी पुलिस ने अधिवक्ता को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जानकारी में अधिवक्ता अमरनाथ पाल पिता



रामलगन पाल उम्र 35 वर्ष निवासी सगनरा ने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को मेरे परिजन दीपदान करने के लिए चित्रकूट गए हुए थे। घर पर मैं और मेरा 11 साल के बच्चे के अलावा मेरे भाई की पत्नी घर में थे। रात्रि तकरीबन 10 बजे घर के सामने बच्चे के कहने पर पटाखा फोने लगा। मेरे घर के सामने मेरी ही जमीन पर जिस पर मैं न्यायालय से स्थगन आदेश लिया हूं। उसके बावजूद लोलर सिंह और रवि सिंह जबरन कब्जा कर रहा है। आकर बोलने वालों की यह वकील क्यों पटाखा फो रहे हो।

इतना कहते हुए हमारे ऊपर लाठी चला दी। मैं अपने आप को बचाने के लिए भागने लगा तो लोलर सिंह गो और रवि सिंह गो के अलावा उसके चार अन्य रिश्तेदार लाठी से मारने लगे।

जिससे लहुलुहान हो गया और मैं जमीन पर गिर पा। जमीन पर गिरने के बाद आधा दर्जन सरहंग मुझे छोकर भाग गए और मैं बेहोश हो गया। तब मेरे भाई की पत्नी ने 112 नंबर पुलिस को फोन लगाया और पुलिस आई। मुझे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया। इसके बाद जिला चिकित्सालय कर ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया। जिसके चलते जिला चिकित्सालय में मेरा उपचार चल रहा है। बीते मंगलवार को कोतवाली पुलिस के द्वारा जीरो पर कायमी की गई है।

# बागली के दो युवाओं ने किया 18 दिन उपधान तप

**बागली। जैन तीर्थ शिवपुर मातमोर में आचार्य पद्मभुषणजी महाराज साहब के सानिध्य में बागली के युवा सुयश मनोज बोथरा व विवेक प्रवीण बम द्वारा 18 उपधान तप की साधना की ।**

इस दौरान जैन समाज बागली द्वारा चल समारोह का आयोजन किया जैन सोशल ग्रुप से जुड़े विनोद बावेल व राकेश बोथरा ने बताया कि इस तपस्या में साधु जैसी दिनचर्या का पालन व साधना करना रहती है। इन तपस्वियों द्वारा 20 नवकार मंत्र की माला जाप प्रतिदिन किया । 100 लोगस्य के जप प्रतिदिन किए । दशहरा पर्व से लेकर दीपावली पर्व तक यह तप साधना की ।




### गुप्ता परिवार ने किया बहुमान

इस मोके पर बुधवार को श्री नागर चित्तौडा समाज अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सीमा गुप्ता परिवार द्वारा तपस्वियों का बहुमान कर अनुमोदना की । तपस्वियों ने अपनी तपस्या के दौरान आचार्य श्री पद्मभूषणजी महाराज साहब के प्रवचनों को आत्मसात कर पूण्य लाभ अर्जित किया। इसके पूर्व स्थानीय श्री श्वेताम्बर जैन समाजजनो द्वारा नगर में चल समारोह निकाल कर दोनों तपस्वियों का बहूमान किया गया.

# पुल से बाइक समेत पानी में गिरा युवक, पुलिस ने बचाई जान

**नारायणगंज। नारायणगंज क्षेत्र में टिकरिया थाने के आगे हाईवे पुल के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।**

नारायणगंज निवासी राहुल श्रीवास (30 वर्ष) पिता कैलाश श्रीवास अपनी बाइक से नियंत्रण खो बैठे, जिसके कारण वह बाइक समेत पुल के नीचे पानी में जा गिरे। घटना की जानकारी तत्काल टिकरिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और समस्त स्टाफ बिना विलंब किए मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल राहुल को पानी से बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज ले जाया गया।



गनीमत रही कि पुल से गिरने के बावजूद राहुल को कोई गंभीर चोट नहीं आई। डॉक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। टिकरिया पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, चक्काजाम

**शहडोल। बुढार थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव में चार पहिया वाहन ने सामने से आ रही एक बाइक को ठोकर मार दी, जिससे बाइक में सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक वाहन छोड़ मौके से भाग गया,घटना के बाद परिजनों के साथ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया है।**

बाइक में दो लोग सवार थे। एक घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए पुलिस ने बुढार अस्पताल में भर्ती करवाया है। सिंहपुर से बुढार मार्ग पर पिछले 1 घंटे से चक्का जाम लगा हुआ है। मौके पर खड़ी चार पहिया वाहन में लोगों ने तोड़ फोड़ भी की है.

पुलिस ने बताया कि बुढार थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव में चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 54 सी1031 ने सामने से आ रही बाइक एमपी 18एम एन 5874 को ठोकर मार दी, इस घटना में बाइक में सवार अशोक बैगा उम्र 20 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक में सवार दूसरा युवक बुरी तरह घायल हो गया, घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस की डायल 112 को दी गई। घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नीमच। सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिटी थाना क्षेत्र के जावद चौराहा पर एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार युवक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल राहगीरों की सूचना पर नया गांव टोल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान आयुष पिता भरत सिंह जायसवाल उम्र 18 वर्ष निवासी अमर कॉलोनी थाना बघाना के रूप में हुई है। बताया गया कि आयुष किसी कार्य से कहि जा रहा था, तभी जावद चौराहा पर अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# निमंत्रण न मिलने पर पड़ोसी ने युवक को मौत के घाट उतारा

- थाना रामपुर नैकिन के खड्डी गांव का मामला

**सीधी। गोवर्धन पूजा का निमंत्रण नहीं मिलने से नाराज परिवार ने पड़ोसी युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। युवक के सिर में फंसी कुल्हाड़ी करीब 4 घंटे बाद निकाली जा सकी। बुधवार दोपहर को उसकी मौत हो गई।**

घटना रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत ग्राम खड्डी की मंगलवार रात की है। पुलिस के मुताबिक खड्डी गांव का रहने वाला सूरज मिश्रा 27 वर्ष अपनी बहन स्वाति मिश्रा के घर गोवर्धन पूजा में शामिल होने गया



था। पूजा ने पड़ोसी यशोदा यादव, उसके पति सुखलाल यादव और बेटे मोले यादव को नहीं बुलाया था। रात करीब 9:30 बजे पूजा खत्म हुई। इसके बाद यशोदा यादव एवं उसके परिवार ने मिश्रा परिवार के घर के बाहर पत्थरबाजी शुरू कर दी।

# जबलपुर में औंधे मुंह गिरी वायु गुणवत्ता

## फुलझड़ी-फटाकों ने बिगाड़ा खेल



**जबलपुर। दिवाली का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया है। लेकिन इस त्यौहार में जमकर चली फुलझड़ी, बम और फटाकों ने शहर की आवोहवा को हिला कर रख दिया है।**

बात करें अगर पिछले 3 वर्षों की तो इस वर्ष दिवाली के दिन शहर का एयूआई सर्वाधिक स्तर 376 पहुंच गया था। गत तीन वर्षों में ये आंकड़ा 2022 में 240, 2023 में 160 और 2024 में 340 था। हालाकि, बुधवार की सुबह ये आंकड़ा 160 से 170 के बीच आया, लेकिन शाम होते ही जब फिर से आतिशबाजी की धूम बढ़ी, ये इंडेक्स फिर तेजी से बढ़ गया। वही चिकित्सकों की ओर से लोगों को सलाह दी गयी है कि सुबह की वॉकिंग से फलहाल परहेज करना चाहिए साथ ही घर से कम निकलना चाहिए।

इस वक्त हवा में सल्फर डाइऑक्साइ के साथ साथ कार्बन मोनो ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड मौजूद है। नवभारत भी आम जनों से ये अपील करता है की बाहर निकलते वक्त मास्क जरूर पहनें, आंख और चेहरा ढकें, यदि मरीज हैं तो डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करें, ताकि फेफड़ों और सांस की परेशानी न बढ़े। दिवाली पर शहर की वायु प्रदूषण की स्थिति पर नजर रखने के लिए मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विशेष तैयारी थी।

# जुआरियों ने एसआई का सिर फोड़ा, वर्दी भी फाड़ी

### आरोपियों को भेजा जेल

**पलवल। सदर थाना क्षेत्र के गांव पिंगोड़ में जुआ खेलने की सूचना पर छापा मारने गई पुलिस टीम पर जुआरियों ने हमला कर दिया। हमले में एसआई राशिद खान घायल हो गए।**

पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से पकड़ लिया और बुधवार को उन्हें अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ईश्वर, बिजेंद्र और पवन के रूप में हुई है। बाकी आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश के लिए दबिश जारी है।

बता दें किदेर शाम एसआई राशिद खान को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव पिंगोड़ में सचिन के प्लॉट पर बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसआई राशिद ने तत्काल कार्रवाई की। टीम में शामिल मौके पर पहुंची।

जैसे ही पुलिस ने प्लॉट पर दबिश दी, वहां मौजूद करीब 30 से 35 जुआरी भागने लगे। जुआरियों ने पुलिस पर हमला किया. लेकिन पुलिस ने पीछा कर कुछ जुआरियों को मौके पर पकड़ लिया और उनके कब्जे से 2,220 रुपये नकद व ताश के पत्ते बरामद किए गए।

## अपराध : चाकूबाजी में पांच घायल

**जबलपुर.** माढ़ोताल, सिहोरा, भेड़ाघाट, पनागर में चाकूबाजों ने जमकर लहू बहाया. माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि सुमित चौधरी उर्फ अन्नू 18 वर्ष निवासी गली नबंर 05 राजीव गांधी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजीव गांधी नगर रविदास मंदिर के पास अरविन्द पटेल, साहिल भाट, नरेन्द्र भाट, शुभम भाट मिला और विवाद करने लगा, अरविन्द पटेल ने जान से मारने की नियत से चाकू, शुभम भाट, साहिल भाट, नरेन्द्र भाट ने हाथ मुक्कों से मारपीट किये है. पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अरविंद पटेल, शुभम भाट, साहिल भाट, नरेन्द्र भाट तीनों निवासी राजीवगॉधी नगर माढोताल को अभिरक्षा में लेते हुये घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है. इसी प्रकार सिहोरा थाने में शेखर उर्फ रामजी चौधरी 25 वर्ष निवासी ग्राम गंजताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आशीष उर्फ मोनू चौधरी पिता ओमकार चौधरी आया एवं अखिलेश चौधरी से गुटखा मांगा तो अखिलेश चौधरी ने आशीष चौधरी को गुटखा दिया तो आशीष चौधरी गुटखा फेंक दिया.


NORTHERN ARC

## नॉर्दर्न एआरसी कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 10वीं मंजिल, चरण-I, आईआईटी-मद्रास रिसर्च पार्क, कनागम गांव, तारामणि, चेन्नई - 600113, तमिलनाडु

### नियम- 8 (1)- कब्जा सूचना

यहाँ, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 22 जुलाई 2025 को एक माँग सूचना जारी की है जिसमें उधारकर्ता (1) राहुल कुमार (उधारकर्ता) के पते पर सूचना मांगी गई है. 140, लालघा, दत्तोदा, महू, इंदौर - 453441 मध्य प्रदेश और मकान नंबर 229, लाल घाटी, दत्तोदा, महू, इंदौर-453441 मध्य प्रदेश और चोइताराम मंडी, इंदौर-452001 मध्य प्रदेश (2) निक्की राहुल कुमार (सह-उधारकर्ता) पता- 140, लालघा, दत्तोदा, महू, इंदौर 453441. मध्य प्रदेश और मकान नंबर 229, लाल घाटी, दत्तोदा, महू, इंदौर-453441. मध्य प्रदेश और चोइताराम मंडी, इंदौर-452001 मध्य प्रदेश (3) राहुल कुमार प्याज और (सह उधारकर्ता) पता- 140, लालघाटी, दत्तोदा, महू, इंदौर - 453441. मध्य प्रदेश और मकान क्रमांक 229, लालघाटी, दत्तोदा, महू, इंदौर - 453441. मध्य प्रदेश और चोइताराम मंडी, इंदौर - 452001 मध्य प्रदेश को नोटिस में उल्लिखित राशि रु. 2013388.04/- (रु. बीस लाख तेरह हजार तीन सौ अठ्ठासी और चार पैसे मात्र) 11 जून 2025 तक 12 जून 2025 से ब्याज सहित उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है.

ऋणी द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण,ऋणी/गारंटर/सह-ऋणी और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को जारी इस कब्जा नोटिस पर, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है.

ऋणी/गारंटर/सह-ऋणी और आम जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड द्वारा 11 जून 2025 तक रु. 2013388.04/- (रु. बीस लाख तेरह हजार तीन सौ अठ्ठासी और चार पैसे मात्र) की राशि, 12 जून 2025 से ब्याज, उस पर होने वाले खर्च आदि सहित, वहन करने योग्य होगा.

### संपत्ति का विवरण

यह आवासीय संपत्ति मकान संख्या 229, क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट, ग्राम दतोदा, तहसील महू, जिला इंदौर - 453441, मध्य प्रदेश में स्थित है. निम्नलिखित सीमाओं के भीतर- उत्तर- लालसिंह पुत्र पिंटू प्लॉट ; दक्षिण- मनोज पुत्र हेमंत प्लॉट ; पूर्व- कच्चा आम रास्ता ; पश्चिम- मोनू पुत्र छोटू प्लॉट .

स्थान : इंदौर
दिनांक : 23 अक्टूबर, 2025

हस्ताक्षरित/-
प्राधिकृत अधिकारी, नॉर्दर्न एआरसी कैपिटल लिमिटेड


पर्व

स्पीकर नरेंद्र सिंह और ऊर्जा मंत्री तोमर भी हुए शामिल

# सबसे बड़ी गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा एवं गौपूजन


**108 टन गोबर से निर्मित**

### गोवर्धन भगवान का हुआ पूजन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर। मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला में गोवर्धन भगवान का भव्य पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

गौशाला परिसर में 108 टन गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत और और इस पर्वत पर गोबर व प्राकृतिक रंगों से निर्मित भगवान श्रीकष्ण की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधानसभा



अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथिगणों एवं बड़ी संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं ने पूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है। हमारी परंपराओं व संस्कृति में प्रकृति के प्रति आदर भाव गहरे तक समाया हुआ है। इसी भाव के साथ हम गोवर्धन एवं गौ पूजन कर समूचे विश्व को प्रकृति, पर्यावरण एवं पशुधन संरक्षण का संदेश देते हैं। गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। गोवर्धन पूजन के बाद सभी अतिथियों ने आरती उतारी। साथ ही ग्वालियर सहित प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है। हमारी परंपराओं व संस्कृति में प्रकृति के प्रति आदर भाव गहरे तक समाया हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ गौ-पूजन व गोवर्धन पूजा की जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंद्रापुरकर ने इस अवसर पर कहा कि सभी भारतीय पर्व में समाज को संगठित कर बुराइयों का नाश करने का संदेश छुपा होता है। उन्होंने कहा मानव कल्याण एवं देश के उत्थान के समाज को संगठित होकर काम करना होगा। संत ऋषभ देवानंद ने कहा कि लाल टिपारा गौशाला संस्कारशाला के रूप में भी काम कर रही है।